मीनाक्षी आज दाखिल करेंगी नामांकन

नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता रहेंगे मौजूद

विशेष संवाददाता

भोपाल, 7 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस अपनी राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन के अवसर पर सोमवार को एकजुटता और शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है.

मीनाक्षी नटराजन सोमवार सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन से विधानसभा के लिए रवाना होकर आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी. नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनके साथ मौजूद रहेंगे. इनमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया और अरुण यादव प्रमुख रूप से शामिल हैं. इसके अलावा कांग्रेस के विधायक और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे. राज्यसभा चुनाव से पहले इस आयोजन को कांग्रेस की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती के महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है.

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकनपत्र दाखिले का सोमवार को अंतिम दिन है. भाजपा के दोनों प्रत्याशी तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल शनिवार को नामांकनपत्र दाखिल कर चुके हैं.

यदि प्रत्याशियों की संख्या तीन ही रही, तो तीनों को निर्विरोध विजयी घोषित किया जाएगा और प्रत्याशियों की संख्या बढ़ने की स्थिति में मतदान 18 जून को होगा. इसी दिन मतों की गणना के बाद नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे. नामांकनपत्रों की जांच 9 जून को होगी और प्रत्याशी 11 जून तक नाम वापस ले सकेंगे.

8 सीटों पर भाजपा, 3 पर कांग्रेस का कब्जा

राज्यसभा सांसद कांग्रेस के दिग्विजिय सिंह के अलावा भाजपा के जॉर्ज कुरियन और डॉ सुमेर सिंह सोलंकी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है. इन्हीं तीन रिक्त स्थानों को भरने के लिए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव हो रहे हैं. मप्र से राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं, जिनमें से आठ पर भाजपा और तीन पर कांग्रेस का कब्जा है.

नानाखेड़ा चौराहे और बस स्टैंड का होगा कायाकल्प

- समुद्र मंथन की तरह बनाएंगे नई प्रतिकृति
- रातरानी की खुशबू से महकेगा क्षेत्र

नवभारत न्यूज

उज्जैन. नानाखेड़ा चौराहा वर्तमान में शहर का सबसे व्यस्त यातायात केंद्र माना जाता है. सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए इसे आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में काम शुरू किया जा रहा है. शहर के अन्य प्रमुख चौराहों की तर्ज पर नानाखेड़ा चौराहे को भी आकर्षक और व्यवस्थित बनाने की योजना बनाई जा रही है. चौराहे पर यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के नए मानक विकसित किए जाएंगे.

सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारियों के बीच शहर के सबसे महत्वपूर्ण प्रवेश द्वारों में शामिल नानाखेड़ा चौराहा और बस स्टैंड क्षेत्र अब नए स्वरूप में नजर आने की तैयारी में है. नगर निगम, स्मार्ट सिटी और विभिन्न विभागों द्वारा इस पूरे क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, विस्तारीकरण और आधुनिक यातायात सुविधाओं को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है. उद्देश्य यह है कि महाकाल की नगरी में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बेहतर यातायात, आधुनिक सुविधाएं और आकर्षक शहरी वातावरण उपलब्ध कराया जा सके.

रातरानी के पौधे-योजना के तहत चौराहे और आसपास के क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. आसपास के स्थानों पर रातरानी एवं अन्य सुगंधित पौधों का रोपण कर वातावरण को अधिक आकर्षक बनाया जाएगा. इसके साथ ही आधुनिक लैंडस्केपिंग, सजावटी उद्यान और सार्वजनिक स्थलों का विकास भी प्रस्तावित है.

चौराहा और बस स्टैंड-नानाखेड़ा क्षेत्र में विकसित हो रहे नैवेद्य लोक और अन्य सार्वजनिक स्थलों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक फूड स्ट्रीट, वॉकेबल स्पेस और पैदल यात्रियों के अनुकूल मार्ग विकसित किए जाएंगे. इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक बेहतर सांस्कृतिक और सामाजिक अनुभव मिल सकेगा. वहीं मध्यप्रदेश के सबसे बड़े बस स्टैंड में शामिल नानाखेड़ा स्टैंड को भी स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में पहल की जा रही है.

नानाखेड़ा से शांति पैलेस-इसके अलावा नानाखेड़ा चौराहे से शांति पैलेस होटल की ओर एक चौड़ा सिक्स लेन मार्ग विकसित किया जा रहा है, जिसके दोनों ओर सर्विस रोड भी बनाई जाएगी. सर्विस रोड के कारण यह मार्ग देखने में लगभग आठ लेन सड़क जैसा दिखाई देगा. यह सड़क नानाखेड़ा खेल स्टेडियम के सामने से होते हुए हरीफाटक सिंहस्थ बायपास मार्ग से जुड़ेगी.

भीड़ प्रबंधन में सहायक - प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान साधु-संतों और श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा. इस सड़क पर वाहनों और पैदल यात्रियों दोनों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रहेगा, जिससे भीड़ प्रबंधन और यातायात संचालन में सुविधा होगी.

समुद्र मंथन प्रतिकृति-नानाखेड़ा चौराहे के सौंदर्यीकरण को विशेष महत्व दिए जाने के पीछे एक बड़ा कारण इसकी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान भी है. वर्ष 2016 के सिंहस्थ महापर्व के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री के कार्यकाल में यहां समुद्र मंथन की भव्य प्रतिकृति स्थापित की गई थी, जो आज भी उज्जैनवासियों और बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है. अब इसी तर्ज पर चौराहे पर एक नई और भव्य प्रतिमा अथवा थीम आधारित संरचना विकसित करने की योजना पर विचार किया जा रहा है. इसके लिए स्मार्ट सिटी और नगर निगम द्वारा विभिन्न प्रस्तावों पर मंथन किया जा रहा है ताकि सिंहस्थ-2028 से पहले नानाखेड़ा क्षेत्र को एक नई पहचान दी जा सके.

अधिकारी प्रस्तुत करेंगे अपने-अपने प्लान

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह,उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा तथा विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी नानाखेड़ा क्षेत्र के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर अपने-अपने प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं. आगामी बैठकों में सभी विभाग अपनी कार्ययोजनाएं प्रस्तुत करेंगे.

मौसम ने बदली करवट

4 दिनों तक तेज हवाओं व बारिश की संभावना

35 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी

भोपाल, 7 जून. मध्यप्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां लगातार सक्रिय बनी हुई हैं. प्रदेश के कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी है. मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताई है.

वहीं उत्तरी मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में 9 और 10 जून को लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है. दक्षिण भारत में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और गोवा तक पहुंच चुका है. इसके जल्द महाराष्ट्र में प्रवेश करने की संभावना है. यदि यही रफ्तार बनी रही तो मध्य प्रदेश में मानसून सामान्य समय के आसपास या उससे पहले दस्तक दे सकता है. प्रदेश में मानसून की एंट्री 15 जून के आसपास दक्षिणी जिलों से होती है. शाजापुर में तेज बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे. वहीं नर्मदापुरम, सीहोर, सिवनी, खरगोन सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई. तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और टीनशेड गिरने की घटनाएं भी सामने आईं. बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली, हालांकि उमस का असर बना हुआ है. मौसम विभाग ने रविवार को इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, मंदसौर, देवास सहित करीब 35 जिलों में तेज हवा और बारिश का अलर्ट जारी किया है.

बारिश के बावजूद कई हिस्सों में गर्मी बरकरार है. नौगांव प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सागर, दतिया, खजुराहो, दमोह, गुना, खंडवा और खरगोन में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा. भोपाल में 38.8 डिग्री, इंदौर में 37.4 डिग्री, उज्जैन में 38 डिग्री, जबलपुर में 40.1 डिग्री और ग्वालियर में 40.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया.

बड़नगर से लापता युवक का शव यशवंत सागर के पास मिला

नव भारत न्यूज

इंदौर. बड़नगर क्षेत्र से लापता युवक का शव इंदौर के यशवंत सागर के पास झाडियों में मिला. पुलिस ने पहचान कर मामले की जांच शुरू कर दी है और हत्या के बाद शव फेंके जाने की आशंका जताई है.

हातोद थाना क्षेत्र में यशवंत सागर के पास झाडियों में एक युवक का शव मिला, जिसकी पहचान सुल्तान निवासी पीर गांव बडनगर के रूप में हुई. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव की पहचान होने के बाद बडनगर पुलिस से संपर्क किया. जांच में सामने आया कि सुल्तान का कुछ लोगों से विवाद हुआ था, जिसमें उसके साथ मारपीट भी हुई थी. पुलिस को आशंका है कि विवाद के बाद उसकी हत्या कर शव को यशवंत सागर क्षेत्र में फेंका गया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है.

डकैत के महिमामंडन पर घिरे बीजेपी विधायक

शिवपुरी , 7 जून . पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी एक बार फिर अपने बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं. डकैत रामबाबू गड़रिया के कथित महिमामंडन के मामले में गुर्जर समाज के विरोध के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपने बयान पर खेद व्यक्त किया है.

मामला अहिल्याबाई होल्कर की जयंती कार्यक्रम के दौरान दिए गए भाषण से जुड़ा है, जिसमें विधायक ने 15 लाख रुपये के इनामी डकैत रामबाबू गड़रिया को 'भाई' बताते हुए कथित रूप से उसके जीवन से जुड़े संदर्भों पर टिप्पणी की थी.

इस बयान के बाद विवाद गहराता गया और विभिन्न समाजों में नाराजगी देखने को मिली. गुर्जर समाज ने इस बयान का कड़ा विरोध किया, क्योंकि डकैत रामबाबू गड़रिया पर उनके समुदाय के लोगों को निशाना बनाने के गंभीर आरोप रहे हैं. समाज के विरोध के बाद मामला राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर गर्मा गया और पुलिस-प्रशासन से शिकायतें भी की गईं.

लगातार बढ़ते विवाद के बाद विधायक प्रीतम लोधी ने वीडियो जारी कर सफाई दी और कहा कि उनका उद्देश्य किसी भी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था. उन्होंने सभी समाजों को साथ लेकर चलने की बात भी कही. यह पहला मौका नहीं है जब विधायक अपने बयान को लेकर विवादों में आए हों. इससे पहले भी वे विभिन्न टिप्पणियों को लेकर सुर्खियों में रह चुके हैं और कई बार सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करना पड़ा है. इस ताजा मामले के बाद उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

Hero
WORLD'S NUMBER 1
MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY
FOR 25 YEARS IN A ROW
Hero
INTRODUCING
Destini 110
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
एक्सचेंज बोनस*
₹4000
मज़बूत मेटल बॉडी
SCAN TO KNOW MORE

एक्स-शोरूम कीमत ₹74,600˜

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक

HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. *T&C apply. ˜Ex-Showroom Price of Destini110 VX in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, उज्जैन: क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, बड़नगर: स्वास्तिक हीरो 9289922773, शाजापुर: बाबा हीरो 9289922833, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, आगर: रामदेव मोटर्स 9425921047, महिदपुर: रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, शुजालपुर: रॉयल बाईक्स 8817784120, तराना: क्षिप्रा मोटर्स 9826648880, नलखेड़ा: नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, मनासा: मारु मोटर्स 9617944999, पिपलोदा: निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, श्यामगढ़: खुराना मोटर्स 9893126085, गरोठ: श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, नारायणगढ़: ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, ताल: श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, बोलाई: अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, नंदनी: श्री मोटर्स, 8435192351, अरनिया कलां: तिलक ऑटो, 7697016717, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, अलॉट: दुर्गा दर्शन ऑटोमोबाइल्स, 8269538030, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा : गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

RS/Hero/12/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**